निर्देश (1-5) :निम्नलिखित गद्यांश को सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा प्रश्नों के उत्तर दीजिये.

शीलयुक्त व्यवहार मनुष्य की प्रकृति और व्यक्तित्व को उद्घटित करता है. उत्तम, प्रशंसनीय और पवित्र आचरण ही शील है. शीलयुक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकर है. इससे मनुष्य की ख्याति बढ़ती है. शीलवान् व्यक्ति सबका हृदय जीत लेता है. शील-युक्त व्यवहार से कटुता दूर भागती है. इससे शंका और संदेह की स्थितियाँ कभी उत्पन्न नहीं होती. इससे सुखद वातावरण सृजित होता है जिसमें सभी प्रसन्नता का अनुभव करते हैं. शीलवान् व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले सभी लोगां को सुप्रभावित करता है. शील इतना प्रभुत्वपूर्ण होता है कि किसी कार्य के बिगड़ने की नौबत ही नहीं आती.
अधिकारी-अधीनस्थ, शिक्षक-शिक्षार्थी, छोटे-बड़ों आदि सभी के लिए शीलयुक्त व्यवहार समान रूप से आवश्यक है. शिक्षार्थी में शील का अभाव है तो यह अपने शिक्षक से वांछित शिक्षा प्राप्त नहीं कर सकता. शीलवान् अधिकारी या कर्मचारी में आत्मविश्वास की वृद्धि स्वतः ही होने लगती है और साथ-ही-साथ उसके व्यक्तित्व में शालीनता आ जाती है. इस अमूल्य गुण की उपस्थिति में अधिकारी वर्ग और अधीनस्थ कर्मचारियों के बीच, शिक्षकगण और विद्यार्थियों के बीच तथा शासक और शासित के बीच मधुर एवं प्रगाढ़ संबंध स्थापित होते हैं और प्रत्येक वर्ग की कार्यकुशलता में वृद्धि होती है. इस गुण के माध्यम से छोटे-से छोटा व्यक्ति बड़ों की सहानुभूति अर्जित कर लेता है.
शील कोई दुर्लभ और दैवी गुण नहीं है. इस गुण को अर्जित किया जा सकता है. पारिवारिक संस्कार इस गुण को विकसित और विस्तारित करने में बड़ी भूमिका अदा करते हैं. मूल भूमिका तो व्यक्ति स्वयं अदा करता है। चिंतन, मनन, सत्संगति, स्वाध्याय और सतत अभ्यास से इस गुण की सुरक्षा और इसका विकास होता है. सुसंस्कृत मनुष्य के चरित्र का यह शील अभिन्न अंग है. यह गुण मनुष्य को सच्चे अर्थों में मानव बनाता है. इस अमूल्य गुण को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाना प्रत्येक मनुष्य का परम कर्त्तव्य है. इससे मनुष्य की गरिमा बढ़ती है और उससे व्यक्तित्व में चार चाँद लग जाते हैं.

Q1. शीलवान् व्यक्ति अपने संपर्क में आने वाले लोगों को कैसे प्रभावित करता है?
(a) साधन सुलभ कराने के द्वारा प्रभावित करता है
(b) लोगां की निःस्वार्थ सेवा द्वारा प्रभावित करता है
(c) सबको गर्मजोशी से स्वागत द्वारा प्रभावित करता है
(d) सुखद वातावरण के सृजन द्वारा प्रभावित करता है
(e) इनमे से कोई नहीं

Q2. शील-गुण के कारण आधिकारियों और कर्मचारियों में-
(a) मधुर एवं प्रगाढ़ संबंध स्थापित होता है
(b) कटुता एवं वैमनस्य स्थापित होता है
(c) परस्पर संदेह बढ़ता है
(d) स्नेह घटने लगता है
(e) इनमे से कोई नहीं

Q3. शील-गुण किस प्रकार अर्जित किया जा सकता है?
(a) मित्रां के साथ समय बिताने से
(b) प्रतिदिन नियमित व्यायाम से
(c) स्वयं के चिंतन, मनन, सत्संगति एवं सतत अभ्यास से
(d) ख्याली पुलाव पकाने से
(e) इनमे से कोई नहीं

Q4. शीलयुक्त व्यवहार प्रत्येक व्यक्ति के लिए हितकर है क्योंकि इससे

(a) बहुत अधिक सम्पत्ति मिलती है (b) कटुता दूर होती है (c) दीर्घ आयु प्राप्त होती है

(d) पुण्य प्राप्त होता है (e) इनमे से कोई नहीं

Q5. सुसंस्कृत मनुष्य के चरित्र का शील किस प्रकार अभिन्न अंग है.

(a) क्योकि इससे मनुष्य की गरिमा बढ़ती है

(b) क्योकि इससे धन प्राप्त होता है.

(c) क्योकि यह गुण मनुष्य को सच्चे अर्थों में मानव बनाता है

(d) क्योकि उससे व्यक्तित्व में चार चाँद लग जाते हैं

(e) इनमे से कोई नहीं

निर्देश (6-10) :नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए. कुछ शब्दों को मोटे अक्षरों में मुद्रित किया गया है, जिससे आपको कुछ प्रश्नों के उत्तर देने में सहायता मिलेगी. दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन कीजिए.

उस रोज बहुत से लोग एक साथ थे - मैदान में बैठे, गुनगुनी धूप का आनन्द लेते हुए, ढलते सूरज के साथ बौद्ध-स्तूप की लम्बी होती छाया धूप के एक बड़े हिस्से को लपक चुकी थी. कुछ देर धूप सेक लेने के बाद पीठ पर चींटियों का अहसास जिन्हें होने लगता, बौद्ध-स्तूप की छाया में सिमट आते. कई युवा जोड़े छाया की ठंडक का हाथ पकड़ते हुए स्तूप की जड़ तक सरक आए थे. स्तूप के भीतर नंगे पैर चलने के कारण शरीर के भीतर तक घुस चुकी ठंड को बाहर फेंकने के लिए पारिवारिक किस्म के समूहों ने मैदान के उन हिस्सों पर, जहां धूप अपने पूरे ताप के साथ गिर रही थी, दरी बिछाकर खाने के छोटे-बड़े न जाने कितने ही डिब्बे खोले हुए थे. इतना कुछ एक साथ था कि हवा को हवा की तरह अलग से पहचानना भी मुश्किल था. स्कूली बच्चों के कितने ही समूह अध्यापिकाओं के दिशानिर्देश पर पंक्तिबद्ध होकर भी अपने को धूप का हिस्सा होने से बचा नहीं पा रहे थे. तभी न जाने कहां से, स्तूप की कौन सी दीवार से उठती एक आवाज उस बौद्ध-विहार में विहार करने के नियम कायदे निर्देशित करने लगी - लड़का-लड़की मैदान में एक साथ न बैठें! बिना लय ताल के उच्चारित होते कितने ही दोहरावों की एकरसता चुभने वाली थी. दोहराने वाली आवाज को भी उसका बेसुरापन अखरा या नहीं, कहा नहीं जा सकता. पर मात्राओं को घटाते बढ़ाते हुए निर्देश का मजमून थोड़ा बदल चुका था - लड़के-लडकियों का मैदान में बैठना एक साथ मना है. कितने ही युवा जोड़े इस कर्कश उद्घोषणा रूपी गीत के स्थायी के बाद कर्णकटु होकर उठते अंतरे को सुनने से पहले ही खड़े हो चुके थे और यूं ही टहलने लगे थे. यूं ही टहलते हुए एक दूसरे से अचानक सट जाने या अनचाहे टकरा जाने वाली स्थितियाँ भी उन्हें सचेत करने लगी थीं कि नियम की कोई नयी धारा प्रताड़ना की तरह उनके कानों में न पड़ जाए.

लेकिन गोद में सिर रखकर लेटा वह लड़का जो अपने पेट पर लैपटॉप रखे हुए है; लैपटॉप की पीठ उसके मुड़े हुए घुटनों पर टिकी हुई है; आंखें बौद्ध मंत्रों की पीडीएफ फाइल पर जमी हुई हैं, वह वैसे ही लेटे-लेटे अपनी साथिन को मंत्रों के अर्थ बता रहा है. काफी देर से सुन रहे बौद्ध मंत्रों से विषयांतर करते हुए साथिन एक किस्सा बयां करने लगी थी कि एक बार, यह किसी और जगह की बाह है, दो घुटे सिर वाले मुझे लाइन मार रहे थे. लड़के के पास समय भरपूर था. वह साथिन के साथ का हर छोटे से छोटा क्षण भी स्मृतियों में कैद कर लेना चाहता था. पेट और घुटनों के बीच खुली बौद्ध मंत्रों की पीडीएफ फाइल को उसने एक क्लिक से हटा दिया और तिरछी निगाहों से साथिन को ताकने लगा. समय तो साथिन के पास भी भरपूर था पर लड़का उसकी

आंखों में एक तरह की हड़बड़ाहट को देख रहा था. लड़के को लगा कि शायद साथिन साथ नहीं. क्या उसके मन को भी उद्घोषणा के तीर ने बींध दिया है या साथिन का मन विहग कहीं गगन विहार करने लगा है? वह उठ कर बैठ गया और चलहकदमी करते दूसरे युवा जोड़ों को देखने लगा. अब जाकर उद्घोषणा के अर्थ उसके भीतर स्पष्ट होने लगे थे. अकस्मात् उसे प्रतीत हुआ उसे पराई दुनिया में फेंक दिया गया है. यहां अशांति है. कोई कुछ बोल नहीं रहा लेकिन युवा मन की खदबदाहट का रव मानो कर्णपटों को चाक कर देगा.

Q6. चींटियों के एहसास से क्या तात्पर्य है?

(a) लोग चींटियों की तरह थे
(b) चुनचुनाहट होना
(c) घास में चींटिया थीं
(d) धूप काट खाती थी
(e) इनमें से कोई नहीं

Q7. हवा को हवा की तरह पहचानना क्यों मुश्किल था?

(a) कई कुछ एक साथ था
(b) हवा चल नहीं रही थी
(c) हवा तेज थी धूप मंद
(d) धूप तेज थी हवा मंद
(e) इनमें से कोई नहीं

Q8. स्कूली बच्चे किससे खुद को बचा नहीं पा रहे थे?

(a) पंक्ति से बाहर होने से
(b) धूल धूसरित होने से
(c) अध्यापकों के निर्देशों से
(d) उपरोक्त (a) एवं (d)
(e) उपरोक्त (a), (b) एवं (c) तीनों

Q9. उद्घोषणा में 'अंतरे'का क्या अर्थ है?

(a) गीत का दूसरा सुर छिड़ना
(b) थोड़े अंतराल पर उद्घोषणा होना
(c) आगे होने वाली और उद्घोषणा
(d) प्रताड़ना
(e) इनमें से कोई नहीं

Q10. लड़का किसकी गोद में सिर रखे हुए था?

(a) घास
(b) स्तूप
(c) बांह
(d) साथिन
(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (11-20): नीचे दिए गए प्रश्नों में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिये

भारत माता की कोख में जो अमूल्य ....(11)........... भरी हैं जिनके कारण वह ....(12)........... कहलाती है उससे कौन परिचित न होना चाहेगा? लाखों करोड़ों वर्षों से अनेक प्रकार की धातुओं को पृथ्वी के गर्भ में पोषण मिला है. दिन-रात बहने वाली नदियों ने पहाड़ों को पीस-पीसकर अगणित प्रकार की मिट्टियों से पृथ्वी की देह को सजाया है. हमारे ....(13)........... आर्थिक ....(14)............. के लिए उन सबकी जाँच-पड़ताल अत्यन्त आवश्यक है. पृथ्वी की गोद में जन्म लेने वाले खड़े पत्थर कुशल ....(15)........... से सँवारे जाने पर अत्यन्त ....(16)........... का प्रतीक बन जाते हैं. नाना भाँति के

.............(17)........... नगविंध्य की नदियों के प्रवाह में सूर्य की धूप से चिलकते रहते हैं, उन चीलवटों को जब...........(18).......... कारीगर पहलदार कटाव पर लाते हैं तब उनके प्रत्येक घाट से नई शोभा और सुन्दरता फूट पड़ती है, वे ....(19).......... हो जाते हैं. देश के नर-नारियों के रूप-मण्डन और सौन्दर्य-प्रसाधन में इन छोटे पत्थरों का भीसदा से कितना भाग रहा है; अत एव हमें उनका ....(20).......... होना भी आवश्यक है.

Q11.

(a) वृत्तियाँ (b) मूर्तियाँ (c) कृतियाँ
(d) निधियाँ (e) इनमें से कोई नहीं

Q12.

(a) श्वेताम्बरा (b) नीलाम्बरा (c) वसुन्धरा
(d) कन्दरा (e) इनमें से कोई नहीं

Q13.

(a) भूतकालिक (b) तात्कालिक (c) भावी
(d) वर्तमानकालिक (e) इनमें से कोई नहीं

Q14.

(a) निर्माण (b) उत्साह (c) पतन
(d) उत्थान (e) इनमें से कोई नहीं

Q15.

(a) शिक्षितों (b) युवकों (c) शिल्पियों
(d) प्रशिक्षितों (e) इनमें से कोई नहीं

Q16.

(a) सौन्दर्य (b) गौरव (c) समृद्धि
(d) विशालता (e) इनमें से कोई नहीं

Q17.

(a) विशाल (b) आकर्षित (c) अनगढ़
(d) भौतिक (e) इनमें से कोई नहीं

Q18.

(a) पुष्ट (b) चुस्त (c) दुरूस्त

(d) चतुर (e) इनमें से कोई नहीं

Q19.

(a) चिकने (b) पतले (c) अनमोल

(d) विशाल (e) इनमें से कोई नहीं

Q20.

(a) भाव (b) बोध (c) ज्ञान

(d) अभिज्ञान (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश(21-25) :नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बाँटा गया है (a), (b), (c) और (d) क्रमांक दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्यके किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटि तो नहीं है। त्रुटि अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। अगर वाक्य त्रुटिरहित है तो उत्तर (e) दीजिए।

Q21. रामदीन का घोड़ा (a)/जोर-जोर से (b)/ चिल्ला (c) रहा था। (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e)

Q22. इस यंत्र का (a)/ उत्पति (b)/ सर रॉबर्ट मैकनमारा (c) ने किया (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e)

Q23. मुझे (a)/ इस बैठक की (b)/ समाचार (c)/ नहीं थी (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e)

Q24. हमारे देश का (a)/ विकास (b)/ कश्मीर से कन्याकुमारी (c) तक है (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e)

Q25. तुम घर पर (a) जाओ (b)/ तो तुम्हारी (c)/ पुस्तक ले आना (d)/ कोई त्रुटि नहीं (e)

निर्देश (26-30) : नीचे कुछ वाक्यांश या शब्द दिए गए हैं और उसके बाद चार शब्द दिए गए हैं जो एक ही शब्द में इस वाक्यांश या शब्द-समूह का अर्थ प्रकट करता है. आपको यह पता लगाना है कि वह शब्द कौन-सा है जो वाक्यांश या शब्द समूह का सही अर्थ प्रकट करता है. उस विकल्प का क्रमांक ही आपका उत्तर है. यदि कोई शब्द अर्थ नहीं प्रकट करता है तो उत्तर (5) अर्थात् 'इनमें से कोई नहीं" दीजिए.

Q26. ऐसी अविवाहिता नारी जो किसी पुरुष मेअनुरक्त हो—

(a) अनूढ़ा (b) ऊढ़ा (c) प्रगल्भा

(d) खण्डिता (e) इनमें से कोई नहीं

Q27. ऐसी उक्ति जो परम्परागत हो—

(a) जनश्रुति **(b) अनुश्रुति** **(c) प्रवाद**

(d) लोक कथा **(e) इनमें से कोई नहीं**

Q28. जिसका उत्तर न दिया गया हो–

(a) उत्तरहित (b) लाजवाब

(c) उत्तरहीन (d) अनुतरित

(e) इनमें से कोई नहीं

Q29. बिना देख-रेख का जानवर–

(a) अनेर (b) गाभिन

(c) हिंसक (d) बनैला

(e) इनमें से कोई नहीं

Q30. वह सिद्धात जो हर वस्तु को नाशवान मानता हो–

(a) क्षणवादी (b) अनित्यवादी

(c) शाश्वतवादी (d) विनाशवादी

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (31-35) : नीचे कुछ वाक्यांश या शब्द दिए गए हैं और उसके बाद चार शब्द दिए गए हैं जो एक ही शब्द में इस वाक्यांश या शब्द समूह का अर्थ प्रकट करता है. आपको यह पता लगाना है कि वह शब्द कौन-सा है. जो वाक्यांश या शब्द समूह का सही

अर्थ प्रकट करता है. उस विकल्प का क्रमांक ही आपका उत्तर है. यदि कोई शब्द अर्थ नहीं प्रकट करता है तो उत्तर (e) अर्थात् 'इनमें से कोई नहीं' दीजिए.

Q31. उपकार नहीं मानने वाला

(a) कृतज्ञ (b) परोपकारी (c) कृतघ्न
(d) अनोपकारी (e) इनमें से कोई नहीं

Q32. ईश्वर को नहीं मानने वाला

(a) आस्तिक (b) अधर्मी (c) अधर्मवान
(d) नास्तिक (e) इनमें से कोई नहीं

Q33. किसी के पास रखी हुई दूसरे की वस्तु

(a) हरोहर (b) जमानत (c) गिरवी
(d) धरोहर (e) इनमें से कोई नहीं

Q34. एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना

(a) अंतरित (b) स्थानांतरिक (c) प्रवासी
(d) मुसाफिर (e) इनमें से कोई नहीं

Q35. जिसका जन्म उच्चकुल में हुआ हो

(a) सेठ (b) अभद्र (c) कुलीन
(d) धनी (e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (36-40) : निम्नलिखितपांचमेंसेचारसमानार्थीशब्दहैं.जिसक्रमांकमेंइनसेभिन्नशब्ददियागयाहै, वहीआपकाउत्तरहै.

Q36.

(a) अतुल्य (b) प्रतिमा (c) अनुपम
(d) अपूर्व (e) अप्रतिम

Q37.

(a) स्त्री (b) कांता (c) कामिनी
(d) वनिता (e) समिधा

Q38.
(a) सावधान (b) चौकन्ना (c) सजल
(d) जागरुक (e) सर्तक

Q39.
(a) निर्माल्य (b) निर्मल (c) शुद्ध
(d) विमल (e) विशुद्ध

Q40.
(a) स्वतंत्र (b) मुक्त (c) स्वाधीन
(d) लोकतंत्र (e) आजाद

Solution

S1. Ans.(d)
S2. Ans.(a)
S3. Ans.(c)
S4. Ans.(b)
S5. Ans.(c)
S6. Ans.(b)
S7. Ans.(a)
S8. Ans.(b)
S9. Ans.(b)
S10. Ans.(d)

S11. Ans. (d)
Sol. निधियाँ

S12. Ans. (c)

Sol. वसुन्धरा

S13. Ans. (c)

Sol. भावी

S14. Ans. (a)

Sol. निर्माण

S15. Ans. (c)

Sol. शिल्पियों

S16. Ans. (c)

Sol. समृद्धि

S17. Ans. (c)

Sol. अनगढ़

S18. Ans. (d)

Sol. दुरुस्त

S19. Ans. (c)

Sol. अनमोल

S20. Ans. (c)

Sol. ज्ञान

S21. Ans.(c)

Sol. 'चिल्ला' शब्द के स्थान पर 'हिनहिनाना' शब्द होना चाहिए।

S22. Ans.(b)
Sol. 'उत्पत्ति' शब्द के स्थान पर 'आविष्कार' शब्द होना चाहिए।

S23. Ans.(c)
Sol. 'सामाचार' शब्द के स्थान पर 'सूचना' शब्द होना चाहिए।

S24. Ans.(b)
Sol. 'विकास' शब्द के स्थान पर 'विस्तार' शब्द होना चाहिए।

S25. Ans.(c)
Sol. 'तुम्हारी' शब्द के स्थान पर 'अपनी' शब्द हागा।

S26. Ans.(a)
Sol. अनूढ़ा

S27. Ans.(b)
Sol. अनुश्रुति

S28. Ans.(d)
Sol. अनुत्तरित

S29. Ans.(a)
Sol.अनेर

S30. Ans.(b)
Sol. अनित्यवादी

S31. Ans.(c)
Sol. कृतघ्न

S32. Ans.(d)
Sol. नास्तिक

S33. Ans.(d)

Sol. धरोहर

S34. Ans.(b)

Sol. स्थानांतरिक

S35. Ans.(c)

Sol. कुलीन

S36. Ans.(b)

Sol. प्रतिमा

S37. Ans.(e)

Sol. समिघा

S38. Ans.(c)

Sol. सजल

S39. Ans.(a)

Sol. निर्माल्य

S40. Ans.(d)

Sol. लोकतंत्र